मावे व खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए, सड़ी सब्जियां नष्ट करवाई

पाली,(नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में चल रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को भी चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने पाली शहर में दो स्थानों पर कारवाई को अंजाम दिया।

इसमें से एक स्थान पर निजी बसों से बीकानेर से पाली आए 15 डिब्बों में भरे मावे का मिलावट के संदेह पर सैंपल लिया गया तथा दूसरी जगह सुमेरपुर रोड पर संचालित हो रहे मॉल में खाद्य सामठी पर कार्रवाई कर वहां से खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए लिए गए तथा इसी मॉल से सड़ी हुई सब्जी को भी नष्ट करवाई गई। यह कार्रवाई सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल के नेतृत्व में की गई।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि त्यौहारी सीजन में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री सुलभ हो। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से दीपावली त्यौहार की सीजन में चिकित्सा विभाग की ओर से जिले सहित प्रदेश भर में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सजग एवं सतर्क है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने बुधवार को भी खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की कार्यवाही की गई। बुधवार सवेरे सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद कुमार, भूराराम, नारायणसिंह ने निजी बसों में बीकानेर से पाली पहुंचे 15 डिब्बों में भरे मावे के सेंपल लिए गए। यह सभी सेंपल मिलावट के संदेह पर लिए गए। यह मावा पाली शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित राजपुरोहित मावा भंडार व महावीर मावा भंडार तथा सुपर मार्केट स्थित बीकानेर मावा भंडार के यहां सप्लाई होना था। इसी टीम ने बाद में पाली शहर के सुमेरपुर रोड पर संचालित हो रहे रिलायंस स्मार्ट मॉल में पहुंच कर खाद्य सामठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बादाम, सोन पापड़ी, बेसन, मेंदा का सेंपल लेकर जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला में भिजवाए गए।

`इसी टीम ने इसी मॉल में बिक रही 25 किलोग्राम सड़ी हुई सब्जी को हाथों हाथ नष्ट करवाई।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के नेतृत्व में की गई इन कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद कुमार, भूराराम, नारायणसिंह, लक्ष्मणदान, ओमप्रकाश, प्रेमप्रकाश व नारायणलाल का सहयोग रहा। सीएमएचओ डॉ.मारवाल ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने पाली शहर में कारवाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

पनीर व दूध क्रीम इकाइयों पर की कार्रवाई

पाली जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने दीपावली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई खपत को देखते हुए मिलावट की रोकथाम के लिए गठित दल ने मंगलवार को पाली औद्योगिक क्षेत्र में पनीर निर्माण एवं दूध क्रीम की बड़ी इकाइयों पर छापा मार कार्रवाई की। रीको एरिया में वैरायटी इंडस्ट्रीज निर्माण एवं विक्रय इकाई से पनीर एवं दूध क्रीम का नमूना जांच के लिए लिया गया। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में की गई कारवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद कुमार, भूराराम गोदारा, नारायण सिंह, ऑपरेटर ओमप्रकाश प्रजापत, किशन सिंह, नारायणलाल मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आगे भी कारवाई जारी रहेगी। सीएमएचओ ने बताया कि सभी सैम्पलों को जांच के लिए जोधपुर भेजा गया है। टीम ने खाद्य व्यापारियों को दुकानों में साफ सफाई को विशेष ध्यान रखने तथा स्वच्छता रखने तथा खाद्य वस्तुओं को ढककर रखने के लिए पाबंद किया।

नाश्ता कॉर्नर से बाल श्रमिक मुक्त करवाया

जोधपुर, (कासं) । मानव तस्करी यूनिट पश्चिम ने बोंबे मोटर चौराहा के पास में एक नाश्ता कॉर्नर पर काम कर रहे बालक को बालश्रम से मुक्त करवा चाइल्ड हैल्प लाइन को सौंपा। इस बारे में सरदारपुरा थाने में संचालक खिलाफ केस बनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मानव तस्करी विरोधी यूनिट पश्चिम की प्रभारी एसआई कैलाशी गुगडवाल ने बोंबे मोटर चौराहा के पास स्थित गुरू कृपा नाश्ता कार्नर पर एक बालक को बालश्रम से मुक्त करवा चाइल्ड हैल्प लाइन के सुपुर्द करवाया।

इस बारे में संचालक निर्मल प्रजापत के खिलाफ सरदारपुरा थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया।

जालोर में खत्री समाज ने राजस्थान विद्युत लेखा संघ के संगठन मंत्री विनोद आर्य के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक जीवनलाल किरी का स्थानांतरण होने पर स्वागत कर विदाई दी तथा उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर नरेंद्र भूत, प्रवीण किरी, जितेंद्र छुंछा और विनोद आर्य ने उनका माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। जीवन लाल का स्थानांतरण बाड़मेर जिले के चौहटन में वृताधिकारी के रूप में हुआ है। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला शैक्षिक सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की

जालोर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उप शाखा की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा जालोर की बैठक मंगलवार को राजेंद्र नगर विद्यालय में सभा अध्यक्ष चंदनसिंह चंपावत के निर्देशन और उपशाखा अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह सामुजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक के दौरान आगामी जिला चुनाव को लेकर विचार विमर्श कर विभिन्न प्रस्ताव लिए गए तथा 25 और 26 को प्रस्तावित जिला शैक्षिक सम्मेलन के लिए जालोर उस शाखा को दिए गए दायित्व अनुसार कार्यकारिणी ने रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक चर्चा की।

इस दौरान चुनाराम बोराणा नरपत आर्य गणपतसिंह मंडलावत भाग्यवती परमार सीता जसवंतसिंह मंगलसिंह हितेश दवे नरेश बामनिया कल्पेश बोहरा खुशवंत नाग गोपाललाल गोपाराम गर्ग राजू त्रिपाठी गोपीलाल और हितेशकुमार सहित ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में ब्लॉक मंत्री मूलाराम ने विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के बिंदु तय कर अनुमोदन करवाया तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष मुकेशकुमार ने आगामी अधिवेशन में सभी से सहयोग की अपील करते हुए जिला शिक्षक अधिवेशन के लिए अधिकतम प्रसार प्रचार की आवश्यकता को लेकर अपनी बात कही।

बैठक में जिला चुनाव के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देश अनुसार महासमिति सदस्यों की आवश्यक बैठक का भी प्रस्ताव लिया गया।

वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

जालोर, (कासं)। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार किए जाने के लिए अग्रणी बैंक कार्यालय जालोर द्वारा बुधवार को विनायक फाउंडेशन अकादमी जालोर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन कर नुक्कड़ नाटक व वीडियो क्लिप के माध्यम से वित्तीय शिक्षा के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

शिविर में जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार ने छात्रों को बचत का जीवन में महत्व, बचत खाता खोलने के लाभ, भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ, रूपे कार्ड, डिजिटल लेनदेन, साइबर क्राइम, एसएमएस अलर्ट, वॉट्सएप बैंकिंग एस.बी.आई. व वित्तीय एवं डिजिटल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के महत्व के बारे में बताया। सहायक अर्जुन परिहार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के महत्व के बारे में बताने के साथ ही किसी भी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तुरन्त बैंक शाखा से सम्पर्क करने तथा टोल फ्री नंबर 14448 व 1930 एवं सीएमएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाक नुकसान से बचे जाने के बारे में जानकारी दी गई। फील्ड कॉर्डिनेटर भावेश ने खेल के माध्यम से वित्तीय बचत के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील चौधरी, हरीश कुमार सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

न्यायाधिपति राजेन्द्र प्रकाश सोनी को दी श्रद्धांजलि

जालोर न्यायालय में हाई कोर्ट के न्यायाधिपति स्व. राजेन्द्रप्रसाद सोनी को श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय,जोधपुर मुख्य पीठ के न्यायाधिपति राजेन्द्र प्रकाश सोनी के 12 अक्टूबर को आकस्मिक निधन होने पर बुधवार को जालोर न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।।

न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात रहे कि जस्टिस सोनी जालोर में वर्ष 2018 से 2020 तक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश पद पर रहे। इसके बाद उनका स्थानांतरण उदयपुर हुआ। वही वर्ष 2023 में ही राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधिपति बने थे। जिला न्यायाधीश हारून, विशिष्ठ न्यायाधीश, पोक्सो न्यायालय भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य, अपर जिला न्यायाधीश महेश कुमार, विशिष्ठ न्यायाधीश एस सी एस टी प्रकरण अधि. न्यायालय परवेज अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया टावरी, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं.1 आशा चारण,, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं.2, अंकित दवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या गोदारा, अध्यक्ष, बार संघ प्रवीण चौहान, सचिव उत्तम गहलोत, वरि. अधिवक्ता राजेन्द्र कच्छवाह, प्रोटोकॉल अधिकारी, विश्वेश वशिष्ठ, वरिष्ठ मुंसरिम, धनराज खत्री, जिला न्यायालय प्रबंधक भूपेश व्यास, सहित अधिवक्ता एवं कर्मचारीग उपस्थित रहे।

पेड़ पर फंदा लगाकर जान दी

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के निकट सोढ़ों की ढाणी कालीबेरी में एक व्यक्ति ने रोहिड़ा के पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि सोढ़ों की ढाणी कालीबेरी निवासी दिलीप सिंह की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके भाई 48 वर्षीय खूमसिंह ने रोहिड़ा के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। उसके आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

सतर्कता दलों का गठन करने के निर्देश दिए

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जालोर जिले में त्योहारों की सीजन को देखते हुए कर चोरी रोकथाम व प्रभावी निगरानी के लिए विशेष सतर्कता दलों का गठन करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर की अध्यक्षता में जीएसटी, आबकारी, खनन, पंजीयन एवं मुद्रांक, परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन की रोकथाम करने के साथ ही नवीन ब्लॉकों के चिन्हीकरण तथा एमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया वसूली का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्टांप ड्यूटी वंचना की रोकथाम के लिए रजिस्ट्रियों की जांच कर मौका निरीक्षण किये जाने की बात कही। जिला कलैक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को उड़नदस्तों का गठन कर नॉन ओटीटी राजस्व वसूली करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आबकारी विभाग को लक्ष्यानुरूप राजस्व लक्ष्यों को अर्जित करने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय सहित आबकारी, जीएसटी, वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सफाई सहित बेहतर सुविधाएं करने पर मंथन किया

जालोर में जोगेश्वर गर्ग (मध्य) की उपस्थिति में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति व जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला चिकित्सालय जालोर की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला चिकित्सालय जालोर परिसर मय विभिन्न वार्डों, जीएनएम, प्रशिक्षण केन्द्र, कार्यालय भवन, ब्लड बैंक, एआरटी सेन्टर, रिकॉर्ड रूम व नेत्र वार्ड तथा एमसीएच सेन्टर व ट्रोमा सेन्टर जालोर के परिसरों, वार्डों, इत्यादि में साफ-सफाई व्यवस्था, अस्पताल से संबंधित मुद्रण सामग्री की आपूर्ति, विद्युत उपकरण एवं सेनेट्री तथा प्लम्बरिंग सामग्री की आपूर्ति, ब्लड बैंक व प्रयोगशाला में जांच के लिए रिजेन्ट एवं अन्य केमिकल्स व कन्ज्यूमेबल्स, डिजिटल एक्सरे फिल्म व संबंधित अन्य सामग्री तथा सोनोग्राफी के लिए प्रिन्ट रोल, जैली व अन्य संबंधित सामग्री, औषधियां व अन्य कन्ज्यूमेबल्स सामग्री, जिला चिकित्सालय, ट्रोमा सेन्टर व एमसीएच सेन्टर के गंदे कपड़ों की धुलाई कर ईस्त्री करने के कार्य, सेवा प्रदात्ता एजेन्सी के माध्यम से सिक्युरिटी गार्ड व कम्प्यूटर ऑपरेटर मशीन विद मैन लगाने, जिला चिकित्सालय व एमसीएच सेन्टर में ऑक्सीजन प्लांट रख-रखाव सहित विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम टांक, शिशु एवं बाल रोग अधिकारी डॉ. मुकेश चौधरी, जिला परिषद के वरिष्ठ लेखाधिकारी हमीराराम मेघवाल, लेखाधिकारी मीठालाल सांखला आदि उपस्थित रहे।

कमला देवी की स्मृति में 'माजीसा के नाम' भजन संध्या आयोजित

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सिंधी कॉलोनी में माजीसा गरबा मंडल के तत्वावधान में माजीसा की भक्त देवलोक वासिनी कमला देवी की स्मृति में एक शाम माजीसा के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन सिंधी कॉलोनी जालौर में मंगलवार की रात्रि को किया गया।

माजीसा गरबा मंडल के अध्यक्ष किशन आडवाणी ने बताया कि कार्यक्रम में सिरे मंदिर धाम के संत शेरनाथ महाराज, संत निरंजन नाथ महाराज तथा झरनेश्वर महादेव मंदिर के संत साईनाथ महाराज का पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ ।इस अवसर पर माता रानी भटियाणी के उपासक रामपुरी एवं सुखी देवी का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित मनीष ठाकुर के मंत्रोच्चारण के साथ संत वृंदों एवं अतिथियों ने अपने कर कमलों से माताजी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया । अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार दवे उपस्थित थे । कार्यक्रम में मंडल द्वारा संत- महात्माओं एवं अतिथियों का स्वागत श्री फल, शाल, माला, दुपट्टा भेट कर किया गया । भजनों की शुरुआत स्थानीय कलाकार नितेश रामावत ने गणपति वंदना की सुमधुर प्रस्तुति देकर की । प्रस्तुतियों के क्रम में भीनमाल के प्रसिद्ध गायक नरेश सेन ने माता भटियाणी जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति प्रदान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । गायक संत भोले बाबा ने ओज पूर्ण वाणी में हिंदी भजनों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी । कार्यक्रम के दौरान जोधपुर के हास्य कलाकार जगदीश प्रजापति ने अपने अभिनय एवं अभिव्यक्ति के द्वारा दर्शकों को हसने पर मजबूर कर दिया ।

भीनमाल के स्वरूप जोशी ने अपनी आकर्षक झाकियों तथा स्वांग के माध्यम से शानदार प्रस्तुति प्रदान कर आकर्षण के केंद्र रहे । वासा सिरोही के भजन गायक संदीप कुमावत ने सुंदर भजन गायन कर सभी का मन मोह लिया। स्थानीय गायिका करिश्मा चौहान ने भी बढियां प्रस्तुति देकर दाद बटोरी। कार्यक्रम में शैतान सिंह राजपुरोहित ने अपनी ओजपूर्ण वाणी में शानदार मंच का संचालन कर कार्यक्रम को प्रभावी बना दिया।

कार्यक्रम में संरक्षक मंडल के सत्य प्रकाश रामावत, रणछोड पुरी, किशनलाल महेश्वरी, घेवर चंद सोनी, अशोक जडिया, भेरूलाल सोनी, पंडित मनीष ठाकुर एवं माताजी की सेविका योगिता भूआ का माला- साफा, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर बहुमान किया गया। मंडल द्वारा पदाधिकारियों में अध्यक्ष किशन आडवाणी, उपाध्यक्ष मेहुल रामावत, कोषाध्यक्ष अरविंद सोनी, सचिव धीरज सोनी, सह सचिव मनोज सोनी, गोपाल सोनी, मनोज रामावत, श्रवण सोनी, मनोज सोनी, सिंधी, कन्हैयालाल सोनी, मदन सोनी, धर्मेंद्र गर्ग, कमलेश, सोनू भाई, तरुण त्रिवेदी, वीरेंद्र पुरी, नितेश भटनागर दिलीप आडवाणी, हीरालाल पोमल हेमराज आडवाणी, चेतन सोनी, अंकुश सोनी, हितेश पोमल, गोपाल आडवाणी, वही महिला कार्यकर्ताओं में दीपा आडवाणी, जशोदा सोनी, कोमल सोनी, ज्योति पोमल, डिंपल सोनी, विनीता पोमल समेत सहयोगी कार्यकर्ताओं का स्मृति चिह्न एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया।

जालोर के सिंधी कॉलोनी में एक शाम माजीसा के नाम भजन संध्या का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

अभियान 18 से

जालोर, (कासं)। राज्य को आश्रयहीन, असहाय, नि:शक्त व लावारिस मुक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में 18 अक्टूबर को विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया जाये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता उप निदेशक राजीव कुमार सुथार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में अभियान चल रहा हैं।

जोधपुर रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता चौपाल लगाई

जोधपुर, (कासं)। रेलवे की ओर से स्वच्छता के प्रति संकल्प की प्रतिबद्धता के लिए 1 से 15 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का आज समापन हुआ।

इस अवसर पर आज मुख्य सिटी स्टेशन पर स्कूली बच्चों और रेल यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए चौपाल का आयोजन किया गया। स्वच्छता चौपाल के माध्यम कार्यस्थलों की स्वच्छता और वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा जैसे मुद्दों पर कार्य किया। स्वच्छता व सुरक्षा के प्रति जागरूकता है इसके तहत यात्रियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें साफ-सफाई, रेलवे सुरक्षा एवं रेलवे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया।

स्वच्छता पखवाडे के दौरान आमजन और यात्रियों को जागरूक कर उनकी सहभागिता के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। इसकी शुरुआत 01 अक्टूबर को रेलकर्मियों द्वारा स्वयं और दूसरो को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने हेतु स्वच्छता शपथ के साथ हुई।

- **रेलवे की स्वच्छता के प्रति संकल्प की प्रतिबद्धता के लिए 1 से 15 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े में 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयवस्तु (धीम) के आधार पर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।

2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान कर सफाई व्यवस्था में भागीदारी निभाई।

रेल कर्मचारियों तथा अधिकारियों के साथ-साथ कुलियों, ऑटो चालक यूनियन पदाधिकारियों, स्काउट व गाइड, स्कूली बच्चों, गैर सरकारी संगठनों एवं यात्रियों के साथ साथ आमजन ने भी श्रमदान कर अपना योगदान दिया।

इस क्रम में जोधपुर, मेड़ता रोड, पाली मारवाड़, नागौर, नोखा और भगत की कोठी सहित अन्य स्टेशनों पर रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों द्वारा पानी को खाली प्लास्टिक के बोतलों एवं अन्य प्लास्टिक उत्पादों के वेस्ट से आकर्षक गमले एवं सुंदर कलाकृक्तियां बना कर कचरे के बेहतर उपयोग का संदेश दिया गया।

राज्यमंत्री खर्रा जोधपुर आयेंगे

जोधपुर, (कासं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा गुरूवार को जोधपुर आयेंगे।

जाबर सिंह खर्रा गुरूवार, 17 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे जोधपुर आयेंगे तथा मारवाड़ इन्टरनेशनल सेंन्टर में दोपहर 2 से 3.30 बजे तक नगर निगम उत्तर, 4 बजे से 5.30 बजे तक नगर निगम दक्षिण तथा सांय 6 बजे से 7.15 बजे तक जोधपुर विकास प्राधिकरण की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउंस जोधपुर में करेंगे।

राज्यमंत्री जाबर सिंह खर्रा शुक्रवार, 18 अक्टूबर को प्रात: 9 से प्रात: 10.15 बजे सर्किट हाउंस में जनसुनवाई करेंगे। प्रात: 10.30 बजे से 12.05 बजे तक रमजान जी हत्था बनाड़ रोड स्थित शिवम डिपार्टमेंटल स्टोर के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आमजन व जन-प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।